
11:46


11:46

# डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन

## "सड़क दुर्घटना निवारण एवं यातायात सुधार के संबंध में आयोजित कार्यक्रम"

डॉ राधाकृष्णन् कॉलेज ऑफ एजुकेशन करमेता जबलपुर में कलेक्टर के आदेशानुसार सड़क दुर्घटना निवारण एवं यातायात सुधार के संबंध में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता हेतु समस्त छात्र विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम यातायात सुधार हेतु तथा दुर्घटना हेतु निवारण हेतु स्टेडियम में आयोजित किया गया। नगर के सभी महाविद्यालयों ने इस आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। तथा दुर्घटना रहित सुगम यातायात के लिए महासंकल्प लिया।

कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्रांगण में हुआ। समस्त शिक्षक व छात्र - छात्राऐं बड़ी संख्या में प्रात: 10 बजे महाविद्यालय प्रांगण में एकत्रित हुए तथा 12 बजे महाविद्यालय से आध्यापकों के साथ स्टेडियम पहुँचे। जहाँ अन्य महाविद्यालयों तथा विद्यालयों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर 15000 से अधिक लोगों ने ट्रैफिक नियमों की शपथ लेकर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया। यातायात के विषय को गंभीरता से लेते हुए जबलपुर वासियों ने राइट टाउन स्टेडियम में सामूहिक महासंकल्प में शामिल होकर यातायात के नियमों को हृदय से पालन करने का संकल्प लिया। यातायात सुधार के लिए जबलपुर जन आक्रोश द्वारा विगत कई माह से जनजागृति का अभियान चलाया जा रहा है। और लगभग चार माह

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of Education, Karmeta, Jabalpur

कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात अमृत मीणा ने कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं यातायात के नियमों की जानकारी दी। और यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। इस कार्यक्रम में यातायात पुलिस द्वारा और सरकारी संगठन, जन अभियान के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में मौजूद नागरिकों एवं युवाओं को ट्रैफिक नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण मंत्री श्री लखन घनघोरिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना की और इसे एक नई पहल बताया। उन्होंने कहा कि जबलपुर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि, इसे सुधारने के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। यह शहर सबका है और हम सब इस शहर के हैं इस भावना के साथ हर व्यक्ति को यातायात व्यवस्था के सुधार के लिए आगे आना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों की अधिक उपस्थिति की भी प्रशंसा की। इस तरह दुर्घटनारहित सुगम यातायात के लिए महासंकल्प कार्यक्रम में यातायात नियमों का पालन करने की शपथ लेते हुए सब "महासंकल्प" कार्यक्रम का समापन किया गया।

PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of Education Karmeta, Jabalpur

"सड़क दुर्घटना निवारण एवं यातायात सुधार के संबंध में स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों की सहभागिता"






## स्वच्छता जागरूकता (21-26) फरवरी

**महाविद्यालय का नाम:** डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन

**सम्पादित गतिविधि** जिला स्तरीय स्वच्छता जन जागरूकता अभियान एवं फीडबैक अभियान

### स्वच्छता संबंधी शपथ पत्र

**दिनांक** 25/02/2022

**समय:** 1:30 बजे

डॉ राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन के द्वारा स्वच्छता सप्ताह के अंतर्गत "जिला स्तरीय स्वच्छता जन जागरूकता एवं फीडबैक अभियान" चलाया गया। जिसमें शासकीय माध्यमिक एकीकृत विद्यालय एवं लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग में जाकर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण व विद्यार्थियों के द्वारा स्वच्छता संबंधी जानकारी प्रदान की गई एवं स्वच्छता से संबंधित फीडबैक फॉर्म भरवाये गये। एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों के द्वारा लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग के आसपास क्षेत्रों में स्वच्छता कार्य किया गया।



## स्वच्छता संबंधी शपथ पत्र

# डॉ. राधाकृष्णनन कालेज ऑफ एजुकेशन. करमेता

## रिपोर्ट

**विषय-** भारतीय प्राणी सर्वेक्षण विभाग में शिक्षण भ्रमण

आज दिनाँक 16/12/22 को डॉ. राधाकृष्णन कालेज के तत्वाधान से बी.एड. एंव डी.एल.एड के विद्यार्थियों को "भारतीय प्राणी सर्वेक्षण" विभाग ले जाया गया। जिसमें कालेज की प्राचार्य डॉ. भावना श्रोत्रेजी एंव शिक्षक भी उपस्थित थे।

"भारतीय प्राणी सर्वेक्षण" में कार्यरत coordinator ने प्राणियों के बारें में बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी दी। जिसमें संरक्षित प्राणियों के बारे में जानकारी दी। जैसे- साँप, सियार, तितली, मकड़ी, सारस आदि प्राणियों के बारें में बताया गया।

साँप के बारे में जानकारी दी गयी कि केवल 7 प्रकार के ऐसे साँप होते हैं जो जहरीले होते हैं। दूसरे प्राणी जैसे- सियार को संग्रहालय में उसका माँस निकालकर अंदर प्लास्टर आफ पेरिस की हड्डी में परत लगा कर उसे संग्रहालय में रखा जाता है जिसमें उनकी आँख नकली लगायी जाती है।

तितली, चूहे, मकड़ी, शेर, मगरमच्छ, बारहसिंगा आदि जानवरों की विशेषताएँ बतायी गयी।

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण शैक्षिक भ्रमण






# गांधी जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रम

## "सामूहिक वाचन : (2 अक्टूबर 2019)

डॉ राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आज दिनांक 2-9-19 को हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150 वीं जयंती के अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक श्री अभिषेक चौबे जी तथा प्राचार्या जी श्रीमती डॉ भावना सोनी जी भी शामिल हुई।

माननीय राज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर 2019 को गांधी जयंती की 150 वीं जयंती पर उनकी चिंतन धारा को युवाओं तक पहुँचाने के उद्देश्य से गांधी साहित्य का वाचन कराने का आदेश दिया गया। सभी महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं द्वारा गांधी जी की आत्मकथा "सत्य के प्रयोग" पुस्तक अथवा 'हिन्द स्वराज' पुस्तक के सुसंगसामयिक गद्यांशों का चयन कर प्रातः 11 बजे सामूहिक वाचन कराया गया। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य गांधी जी की चिंतन विचारधारा को युवाओं तथा लोगों तक पहुँचाना था। ताकि युवा गांधी जी की विचारधारा से प्रेरित होकर देश के विकास और प्रगति में अपना योगदान दे सकें। वर्तमान पीढ़ी गांधी जी के स्वतंत्रता में योगदान तथा उनके देश के विकास हेतु किए गए योगदान को भूलती जा रही है। यह उन्हीं योगदान को याद कराने का एक सफल प्रयास है।





PRINCIPAL
Dr. Radhakrishnan College of
Education Karmeta, Jabalpur





# Dr. Radhakrishnan College of Education

Run by : New Akanksha Education Society, Jabalpur

(Recognised by N.C.T.E., State Govt. & Affiliated to R.D.V.V. Jabalpur)


Ref. No. ........................ Date 15/10/2022

## "एक दीपक मातृभाषा के नाम"

डॉ. राधाकृष्णनन् कॉलेज ऑफ एजुकेशन पाटन रोड करमेता में माननीय मुख्यमंत्रीजी की वी.सी. से प्राप्त निर्देशानुसार दिनांक 15/10/2022 सायं 6:00 बजे हिंदी में ज्ञान के प्रकाश कार्यक्रम के अंतर्गत हिंदी के प्रकाश के नाम पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. भावना सोनेजी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया एवं साथ ही उन्होंने प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों से भी एक दीपक मातृभाषा के नाम प्रज्जवलित कराकर भारत में अनेकता में एकता एवं हिंदी के महत्त्व को बताया साथ ही उन्होंने कहा -

जन-जन की भाषा है हिंदी,<br>
भारत की आशा है हिंदी,<br>
जिसने पूरे देश को जोड़ रखा है,<br>
वो मजबूत धागा है हिंदी<br>
एकता की अनुपम परम्परा है हिंदी,<br>
जिसके बिना हिंद थम जाए,<br>
ऐसी जीवन रेखा है हिंदी<br>
जिसने काल को जीत लिया है,<br>
ऐसी कालजयी भाषा है हिंदी।<br>
सरल शब्दों में समझाना चाहें तो<br>
जीवन की परिभाषा है हिंदी,,

"जय हिंद, जय भारत"


PRINCIPAL<br>
Dr. Radhakrishnan College<br>
Education Karmeta, Jabalpur


Patan Road, Karmeta (Near New RTO Office) Jabalpur (M.P.)

Ph. : 0761-2682004, www.radhakrishnanedu.com







# डॉ राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन करमेता जबलपुर

## निबंध प्रतियोगिता 18-1-2020

### "मोबाइल फूड, जंकफूड, स्ट्रीट फूड का बढ़ता व्यापार आमजन हेतु हितकारी या अहितकारी"

डॉ राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आज दिनांक 18-1-2020 को माननीय मुख्यमंत्री जी के आदेशानुसार "शुद्ध के लिए युद्ध" अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं में जागरूकता हेतु निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय "मोबाइल फूड, जंक फूड, स्ट्रीट फूड का बढ़ता व्यापार आमजन हेतु हितकारी या अहितकारी" था। इस प्रतियोगिता का प्रमुख उद्देश्य खाद्य पदार्थों में हो रही मिलावट, जंक फूड का बढ़ता व्यापार उससे होने वाली हानियां तथा इनसे बचने के उपाय तथा खाद्यपदार्थों मे शुद्धता के प्रति लोगों को जागरूक करना था।

इस प्रतियोगिता का प्रारंभ महाविद्यालय में प्रातः 12.00 बजे प्रारंभ किया गया। जिसमें महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्राचार्या श्रीमती डॉ भावना सोनेजी तथा महाविद्यालय के संचालक श्री अभिषेक चौबे जी ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों को इस प्रतियोगिता से अवगत कराया तथा छात्रों को बड़ी संख्या में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। इस प्रतियोगिता द्वारा जंकफूड, स्ट्रीट फूड से होनेवाले खतरनाक परिणाम से अवगत कराया गया। इससे होने वाले नुकसान के प्रति जागरूकता फैलाना तथा अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना इस प्रतियोगिता का प्रमुख उद्देश्य था। हम सभी जानते है कि बदलती जीवनशैली में लोगों का जंकफूड के प्रति

विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने जागरूक होने का परिचय दिया। तथा निबंध प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने-अपने विचार तथा सुझाव प्रस्तुत किए। सभी विद्यार्थियों को निबंध लेखन हेतु सामग्री महाविद्यालय द्वारा प्रदान की गई तथा 1 घंटे का समय दिया गया। प्रत्येक विद्यार्थी को अधिकतम 1500 अंकों में अपने विचार प्रस्तुत करके लिखने कहा गया। समस्त विद्यार्थियों ने "प्रोसेस्ड फूड, स्ट्रीट फूड जंक फूड का बढ़ता व्यापार आगमन हेतु हितकारी या अहितकारी" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए उनके उपायों तथा यह हमारे लिए कितना हितकारी या अहितकारी है। इस पर विस्तारपूर्वक अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता का समय 1 घंटे रखा गया जिसमें छात्र-छात्राओं को निबंध के माध्यम से 1500 शब्दों में अपने विचार प्रस्तुत करने थे। अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर इस विषय पर निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से अपने विचारों द्वारा अपनी जागरूकता का परिचय दिया। प्रतियोगिता के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती डॉ. भावना खोनेजी जी तथा समस्त प्राध्यापकों द्वारा प्रतियोगिता में विजयी प्रथम, द्वितीय, एवं तृतीय विजेताओं का चुनाव किया गया। इस प्रतियोगिता में बी.एड एवं डी.एल.एड [illegible] के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

"शुद्ध के लिए युद्ध" अभियान के अंतर्गत आयोजित

निबंध प्रतियोगिता

18-1-2020





## रिपोर्ट

महाविद्यालय का नाम : डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन करमेता जबलपुर

विषय : 12 जनवरी 2023 प्रातः 9:00 बजे सामूहिक सूर्य नमस्कार

दिनांक : 12 जनवरी 2023

कार्यक्रम का आयोजन :- रानी दुर्गावती खेल परिसर रानीताल।

स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पर दिनांक 12/01/2023 को प्रातः 9:00 बजे सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं योग का कार्यक्रम का आयोजन रानी दुर्गावती खेल परिसर रानीताल जबलपुर में प्रातः 9:00 बजे में आयोजित किया गया।

जिसमें रानीताल खेल परिसर में सामूहिक सूर्य नमस्कार कराया गया। जिसमें सांसद खेल महोत्सव 12 जनवरी से 23 जनवरी 2023 तक खेल महोत्सव का आयोजन किया जायेगा की घोषणा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। इसके बाद स्पोर्ट्स के विद्यार्थियों के द्वारा खेल परिसर में मशाल लेकर परिसर का एक घेरा लगाया गया। इसके पश्चात परिसर में उपस्थित

## सामूहिक सूर्य नमस्कार




## रानी दुर्गावती खेल परिसर

डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन

विषय : 12 जनवरी 23 प्रात: 9:00 बजे सामूहिक सूर्य नमस्कार



भुजंगासन

डॉ. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन द्वारा

आर्ट एण्ड क्राफ्ट वर्कशॉप।

19/04/2023 – 21/04/2023

डॉ० राधाकृष्णन् कॉलेज ऑफ एजुकेशन मे बी.एड द्वितीय सेमेस्टर के प्रायोगिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत आर्ट एण्ड क्राफ्ट की तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि कला का हमारे जीवन मे कितना महत्वपूर्ण स्थान है। कला ही आत्मिक शान्ति का माध्यम है। यह कठिन तपस्या है, साधना है। इसी के माध्यम से कलाकार सुनहरी और इन्द्रधनुषी आत्मा से स्वप्निल विचारों को साकार रूप देता है। हार्ट प्रशिक्षण के इस विषय के अंतर्गत प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा इस कार्यशाला को संपन्न किया गया। यह कार्यशाला 19/04/23 से 21/04/2023 तक आयोजित की गई।

कार्यशाला का शुभारंभ दिनांक 19/04/23 को प्रातः 10:00 बजे प्रबंधक श्री अभिषेक चौबे जी एवं

प्राचार्या डॉ० भावना सोनेजी द्वारा सरस्वती पूजन के साथ किया गया। कार्यशाला में विभिन्न आर्ट विद्यार्थियों को सिखाए गए।

कार्यशाला के प्रथम दिवस में विद्यार्थियों को "आर्ट एम्ब्रॉयडरी ऑन हॉट बैग" बनाना सिखाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी अच्छी रुचि दिखाई।

कार्यशाला के द्वितीय दिवस में विद्यार्थियों को सुरेखा आर्ट बनाना सिखाया गया। जो कि हमारे राजस्थान की संस्कृति का प्रचलित आर्ट है।

कार्यशाला के तृतीय दिवस में राजस्थानी वॉल हैंगिंग कटिंग एवं कपड़ा पेंटिंग आदि आर्टवर्क बनाना सिखाया गया।

हॉट बैग एवं सुरेखा आर्ट कार्यशाला में आकर्षण का केन्द्र रहे।

सभी विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साहपूर्वक कार्यशाला में हिस्सा लिया। एवं कला में अपनी रुचि दिखाई एवं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों ने भी अपनी सहभागिता निभाई।

"ART AND CRAFT WORK SHOP-2023"










## AHIR EMBROIDERY





## JHAROKHA ART

